**D**

**CCE PR**
**UNREVISED**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್, 2019

**S. S. L. C. EXAMINATION, MARCH/APRIL, 2019**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2019 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

Date : 04. 04. 2019 ] **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - क** | |
| | **( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )** | |
| I. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : $9 \times 1 = 9$ | |
| 1. | 'जन-गण-मन' राष्ट्रगीत के रचयिता कौन हैं ? | |
| | **उत्तर :** श्री रवींद्रनाथ ठाकुर । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | लोग साहूकार को किस नाम से पुकारते थे ? | |
| | **उत्तर :** 'भक्त करोड़पति' के नाम से पुकारते थे । | 1 |
| 3. | साहनी जी का बचपन खेल-क्द से क्यों वंचित था ? | |
| | **उत्तर :** बीमारी के कारण खेल-कूद से वंचित था । | 1 |
| 4. | तिम्मक्का ने वृक्षों को कैसे पाला ? | |
| | **उत्तर :** वृक्षों को अपने बच्चों की तरह पाला-पोसा । | 1 |
| 5. | मातृभूमि के खेत कैसे हैं ? | |
| | **उत्तर :** मातृभूमि के खेत हरे-भरे सुहाने हैं । | 1 |
| 6. | यशोदा और नंद का रंग कैसा था ? | |
| | **उत्तर :** गोरा था । | 1 |
| 7. | रवींद्रनाथ ठाकुर जी को नोबल पुरस्कार क्यों मिला ? | |
| | **उत्तर :** 'गीतांजलि' कृति की रचना के लिए । | 1 |
| 8. | प्रसाद जी के अनुसार सबके मनोरथ कैसे पूर्ण होते हैं ? | |
| | **उत्तर :** ईश्वर की कृपा से सबके मनोरथ पूर्ण होते हैं । | 1 |
| 9. | तुलसीदास के अनुसार मुख किसका पालन-पोषण करता है ? | |
| | **उत्तर :** शरीर के सभी अंगों का पालन-पोषण करता है । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. 10. | सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : 5 × 1 = 5 | |
| | 'क' — 'ख' | |
| | अ) गिल्लू की समाधि — i) ईमानदारी पर व्यंग्य | |
| | आ) ईमानदारों के सम्मेलन में — ii) आंतरिक शुद्धि | |
| | इ) आधुनिक मानव — iii) सोनजुही लता के नीचे | |
| | ई) राम नाम जपने से — iv) गमलों के बीच में | |
| | उ) कृष्ण क्रोधित हुआ — v) सृष्टि का श्रृंगार | |
| | vi) बेईमानी पर व्यंग्य | |
| | vii) घर के अंदर प्रकाश | |
| | viii) बलराम के कारण । | |
| | **उत्तर :** | |
| | अ) गिल्लू की समाधि — iii) सोनजुही लता के नीचे | 1 |
| | आ) ईमानदारों के सम्मेलन में — vi) बेईमानी पर व्यंग्य | 1 |
| | इ) आधुनिक मानव — v) सृष्टि का श्रृंगार | 1 |
| | ई) राम नाम जपने से — ii) आंतरिक शुद्धि | 1 |
| | उ) कृष्ण क्रोधित हुआ — viii) बलराम के कारण । | 1 |
| III. | प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5 | |
| 11. | ई-हैकिंग : अभिशाप : : ई-बैंकिंग : ....................... | |
| | **उत्तर :** वरदान | 1 |
| 12. | बसंत की सच्चाई : एकांकी : : साहित्य सागर का मोती : ....................... | |
| | **उत्तर :** साक्षात्कार | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 13. | प्रभो : जयशंकर प्रसाद : : मातृभूमि : ...................... | |
| | **उत्तर :** श्री भगवतीचरण वर्मा | 1 |
| 14. | मुखिया : मुख के समान : : संत : .................... | |
| | **उत्तर :** हंस के समान | 1 |
| 15. | बलभद्र : बलराम : : जसुमति : ................... | |
| | **उत्तर :** यशोदा । | 1 |
| IV. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 14 × 2 = 28 | |
| 16. | 'शांतिनिकेतन' की स्थापना करने का मूल उद्देश्य क्या था ? | |
| | **उत्तर :** औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ युवक-युवतियों की प्रतिभा तथा कौशल की अभिव्यक्ति के लिए आवश्यक मंच का निर्माण करना । ऐसी शिक्षा देना जिससे लोगों की प्रतिभा, उनकी आजीविका का साधन बने । | 2 |
| 17. | भिखारी ने साहूकार को कैसे बचाया ? | |
| | **उत्तर :** लोगों की आवाज सुनते ही भिखारी बेतहाशा भागते हुए गया । मोटर के नीचे कुचलनेवाले साहूकार का हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया । साहूकार बच गया । | 2 |
| 18. | समाज के किन-किन क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है ? | |
| | **उत्तर :** संचार व सूचना, व्यापार और बैंकिंग, चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा, रक्षादल, कला, संस्कृति आदि क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है । ( इनमें से कोई **चार** अंश ) | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 19. | लेखिका ने गिलहरी की रक्षा कैसे की ?<br>**उत्तर :** लेखिका गिलहरी को हौले से उठाकर कमरे में लायी । रूई से रक्त पोंछकर पेन्सिलिन का मरहम लगाया । बड़ी कोशिश करके उसे एक बूँद पानी पिलाया । | 2 |
| 20. | भीष्म साहनी जी को रेस्तराँ के मालिक का व्यवहार असहनीय क्यों लगा ?<br>**उत्तर :** रेस्तराँ में सिर्फ गोरे सैनिकों को सर्व किया जा रहा था । आधा घंटा इंतजार करने पर भी साहनी जी और उनके अध्यापक को चाय नहीं दी गयी । आग्रह करने पर भी चीनी मालिक ने 'नो टी, नो टी' कहा । यह जाति भेद वाली घटना साहनी जी को असह्य लगी । | 2 |
| 21. | परसाई जी को रेलवे स्टेशन पर माली की याद क्यों आयी ?<br>**उत्तर :** रेलवे स्टेशन पर बड़ी-बड़ी फूल-मालाएँ पहनाकर परसाई जी का स्वागत किया गया । तब परसाई जी को माली की याद इसलिए आ गयी कि उन मालाओं को बेचकर कुछ पैसे कमा लेते । | 2 |
| 22. | डॉ० कंबार जी को लोकसाहित्य में रुचि कैसे उत्पन्न हुई ?<br>**उत्तर :** डॉ० कंबार जी पौराणिक प्रसंगों को मन लगाकर सुनते थे । सामान्य जनता के जीवन में अधिक दिलचस्पी लेते थे । परिणामस्वरूप उन्हें लोकसाहित्य में रुचि उत्पन्न हुई । | 2 |
| 23. | भारत माता का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?<br>**उत्तर :** भारत माता के एक हाथ में न्याय का पताका है । दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है । अपने पवित्र हृदय में गाँधी, बुद्ध और राम जैसे महान पुरुषों को स्थान देनेवाली भारतमाता पूजनीय हैं । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 24. | यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?<br>**उत्तर :** यशोदा कृष्ण के क्रोध को शांत करने के लिए गोधन की कसम खाकर कहती हैं कि वे ही कृष्ण की माता हैं, कृष्ण उनका पुत्र । बलराम जन्म से ही चुगलखोर है । | 2 |
| 25. | 'ई-गवर्नेंस' के बारे में लिखिए ।<br>**उत्तर :** ई-गवर्नेंस द्वारा सरकार के सभी कामकाज का विवरण, अभिलेख, सरकारी आदेश आदि को यथावत् लोगों को सूचित किया जाता है । इससे प्रशासन पारदर्शी बन सकता है । | 2 |
| 26. | कर्नाटक को 'चंदन का आगार' क्यों कहते हैं ?<br>**उत्तर :** कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं । यहाँ चंदन का तेल, साबुन तथा कलाकृतियाँ अधिक मात्रा में बनायी जाती हैं । इसलिए कर्नाटक को 'चंदन का आगार' कहते हैं । | 2 |
| 27. | कवि भारत माता से क्या निवेदन कर रहे हैं ?<br>**उत्तर :** कवि भारत माँ से यह निवेदन कर रहे हैं कि आज माँ के साथ करोड़ों भारतवासी हैं । भारत माता अपने ज्ञान और न्याय के बल पर जग का रूप बदल दें । इससे 'जयहिंद' का नाद सभी नगर और गाँवों में गूँज उठें । | 2 |
| 28. | 'टाइटन' उपग्रह के बारे में लिखिए ।<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह को 'सुंदर ग्रह' क्यों कहा गया है ?<br>**उत्तर :** 'टाइटन' शनि का सबसे बड़ा उपग्रह है । हमारे चंद्र से भी बड़ा है । इसका व्यास 5150 कि.मी. है । उसकी सतह पर अंतरिक्ष यान को उतारा जा सकता है ।<br>**अथवा** | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** शनि ग्रह के चारों ओर अत्यंत स्पष्ट और विस्तृत वलय ( गोल ) दिखाई देते हैं, जो बहुत ही सुंदर हैं । ऐसा लगता है कि प्रकृति ने इस ग्रह के गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं । इसीलिए शनि ग्रह को 'सुंदर ग्रह' कहा गया है । | |
| 29. | सत्य के बारे में महात्मा गाँधी जी का कथन क्या है ?<br>**अथवा**<br>जीवन में सफल होने के लिए कौन-सा तत्व आवश्यक है ?<br>**उत्तर :** गाँधीजी का कथन है – ''सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं । उनका अंत नहीं होता ।''<br>**अथवा**<br>**उत्तर :** समय कभी रुकता नहीं । सबको समय के साथ-साथ चलकर उसका सदुपयोग कर लेना चाहिए । यही जीवन में सफल होने का तत्व है । | 2 |
| V. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : $5 \times 3 = 15$ | |
| 30. | ''कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है ।'' इस बात का समर्थन कीजिए ।<br>**उत्तर :** कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है । बादामी, ऐहोले, पट्टद्कल्लु के मंदिरों की शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है । बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर में पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं, जो रामायण, महाभारत की कहानियाँ सुनाती हैं । श्रवणबेलगोल में 57 फीट ऊँची गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा है, जो त्याग और शांति का संदेश देती है । विजयपुर के गोलगुंबज की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है । मैसूरु का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है । सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहल अत्यंत आकर्षणीय हैं ।<br>( इनमें से कोई **चार** अंश ) | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 31. | ''तिम्मक्का एक महान वृक्ष प्रेमी है ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** तिम्मक्का ने अपना सारा जीवन पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित किया है । उन्होंने हुलिकल और कुदूर के बीच के चार कि.मी. के रास्ते के दोनों ओर बरगद के डाल लगाये । उनकी रक्षा भी की । उन्हें अपने बच्चों की तरह पाला-पोसा । तिम्मक्का अपने पति की मृत्यु के बाद भी अकेली ही वृक्षारोपण का कार्य करती रही । अब तक तिम्मक्का ने सैकड़ों पेड़ लगाये हैं । अपने जीवन में दर्द और तकलीफ़ उठाने के बावजूद भी परिसर रक्षा का कार्य करने वाली तिम्मक्का एक महान वृक्षप्रेमी हैं । | 3 |
| 32. | दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?<br>**उत्तर :** कवि दिनकर जी के अनुसार, मनुष्य को बुद्धि तत्व से अधिक हृदय तत्व से काम लेना चाहिए । प्रकृति पर विजय पाना केवल साधना है, मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना उसकी सिद्धि है । मानवों के बीच में रहे भेद-भाव या दूरी को हटाकर भाईचारे के साथ प्रेम से जीना चाहिए । यही मानव का सही परिचय है । | 3 |
| 33. | गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** गिल्लू ने अपने जीवन के आखरी दिन कुछ भी नहीं खाया । बाहर भी नहीं गया । उसके पंजे भी ठंड पड़ने लगे थे । लेखिका ने हीटर जलाकर उष्णता देने का प्रयत्न किया । परंतु सूरज की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 34. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>तुलसी साथी विपत्ति के विद्या विनय विवेक ।<br>साहस सुकृति सुसत्यव्रत राम भरोसो एक ।।<br>**उत्तर :** प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास कहते हैं कि मनुष्य को जब संकट काल आता है तब विद्या, विनय, विवेक गुण ही उसके साथी बनकर मदद करते हैं । जो राम पर भरोसा करता है, वह साहसी, सत्यवान और सदाचारी बनता है । | 3 |
| VI. | निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4 | |
| 35. | ''बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**अथवा**<br>''राजकिशोर एक सच्चे नेता हैं ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** बसंत मेहनत करके ईमानदारी से जीनेवाला गरीब लड़का है । वह पं० राजिकशोर की दया की भीख को इनकार करता है । जब वह राजकिशोर के नोट को भुनाने जाता है तब मोटर दुर्घटना के कारण बेहोश हो जाता है । होश आते ही राजकिशोर के पैसे प्रताप के हाथों भेजता है । जब पं० राजकिशोर बसंत की चिकित्सा करवाते हैं तब उनके प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करता है । सच है, बसंत ईमानदार और स्वाभिमानी लड़का है ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :** पं० राजकिशोर मजदूरों के नेता हैं । वे मजदूरों की बस्ती में जाकर उनकी मदद करते हैं । बसंत की मदद करने के उद्देश्य से हो छलनी खरीदते हैं । बसंत के घायल होने की बात का पता चलते ही खुद अहीर के टीले तक दौड़ पड़ते हैं । डाक्टर को बुलवाकर इलाज करवाते हैं । अस्पताल का सारा खर्च खुद ही देख लेते हैं । एक अच्छे नेता के पास होनेवाले – नेतृत्व, मानवीयता, परोपकार, हमदर्दी जैसे सभी गुण प० राजकिशोर में मौजूद हैं । सच है, पं० राजकिशोर एक सच्चे नेता हैं । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 36. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4<br><br>जो तेरी होवे..............................................<br><br>...........................................................<br><br>...........................................................<br><br>........................................... दिला रही है ।<br><br>**अथवा**<br><br>दया धर्म.............................................. ।<br><br>........................................... घट में प्राण ।।<br><br>**उत्तर :**<br><br>जो तेरी होवे दया दयानिधि<br><br>तो पूर्ण होते सबके मनोरथ<br><br>सभी ये कहते पुकार करके<br><br>यही तो आशा दिला रही है !<br><br>**अथवा**<br><br>**उत्तर :**<br><br>दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।<br><br>तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।। | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ख** | |
| | **( व्याकरण )** | |
| VII. | बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : 10 × 1 = 10 | |
| 37. | 'लता' शब्द का बहुवचन है – | |
| | (A) लता (B) लतिका | |
| | (C) लताएँ (D) लताआ । | |
| | **उत्तर :** (C) लताएँ | 1 |
| 38. | निम्नलिखित में से 'पुल्लिंग' शब्द है – | |
| | (A) हाथी (B) मोरनी | |
| | (C) गाय (D) बकरी । | |
| | **उत्तर :** (A) हाथी | 1 |
| 39. | 'दिन' का विलोम शब्द होगा – | |
| | (A) सुबह (B) शाम | |
| | (C) दोपहर (D) रात । | |
| | **उत्तर :** (D) रात | 1 |
| 40. | निम्नलिखित में 'गुण संधि' का उदाहरण है – | |
| | (A) महात्मा (B) महोत्सव | |
| | (C) अत्यधिक (D) एकैक । | |
| | **उत्तर :** (B) महोत्सव | 1 |
| 41. | निम्नलिखित में से 'द्वंद्व समास' के लिए उदाहरण है – | |
| | (A) पाप-पुण्य (B) सद्धर्म | |
| | (C) देशवासी (D) त्रिवेणी । | |
| | **उत्तर :** (A) पाप-पुण्य | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| 42. | निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है – | | |
| | (A) चल | (B) चाल | |
| | (C) चलाना | (D) चलवाना । | |
| | **उत्तर :** (C) चलाना | | 1 |
| 43. | सत्य ............... महिमा अपार है । इस वाक्य के लिए उपयुक्त कारक होगा – | | |
| | (A) ने | (B) पर | |
| | (C) का | (D) की। | |
| | **उत्तर :** (D) की | | 1 |
| 44. | इंटरनेट का मतलब क्या है<br>इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा – | | |
| | (A) पूर्ण विराम | (B) विवरण | |
| | (C) प्रश्नवाचक | (D) विस्मयादिबोधक । | |
| | **उत्तर :** (C) प्रश्नवाचक | | 1 |
| 45. | 'भाग जाना' यह अर्थ देनेवाला मुहावरा है – | | |
| | (A) घोड़े बेचकर सोना | (B) नौ दो ग्यारह होना | |
| | (C) आग बबूला होना | (D) बीड़ा उठाना । | |
| | **उत्तर :** (B) नौ दो ग्यारह होना | | 1 |
| 46. | 'सागर' का समानार्थक पद होगा – | | |
| | (A) नदी | (B) पानी | |
| | (C) तालाब | (D) समुद्र । | |
| | **उत्तर :** (D) समुद्र । | | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ग** | |
| | **( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्र-लेखन और निबंध )** | |
| VIII. | प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$ | |
| | भारत गाँवों का देश है । यहाँ के अधिकांश लोग गाँवों में ही बसते हैं । भारत की उन्नति गाँवों की उन्नति पर ही अवलंबित है । गाँवों में रहनेवाले अधिकांश लोग पढ़े-लिखे नहीं होते । इसी कारण से वे अपने अधिकार और कर्तव्यों को समझ नहीं पाते । अनक्षरता के कारण अंधविश्वास आर बुरी प्रथाओं का शिकार बन जाते हैं । वे लोग गाँवों की दशा सुधारने के बारे में कभी नहीं सोचते । भारत के गाँवों की स्थिति दयनीय है । जब तक यहाँ के गाँवों का सुधार नहीं होगा, तब तक गाँधीजी के 'रामराज्य' का सपना साकार नहीं होगा । | |
| 47. | भारत कैसा देश है ? | |
| | **उत्तर :** भारत गाँवों का देश है । | 1 |
| 48. | भारत की उन्नति किसपर अवलंबित है ? | |
| | **उत्तर :** भारत की उन्नति गाँवों की उन्नति पर अवलंबित है । | 1 |
| 49. | ग्रामीण लोग बुरी प्रथाओं का शिकार क्यों बन जाते हैं ? | |
| | **उत्तर :** ग्रामीण लोग अनक्षरता के कारण बुरी प्रथाओं का शिकार बन जाते हैं । | 1 |
| 50. | गाँधीजी ने कैसा सपना देखा था ? | |
| | **उत्तर :** गाँधीजी ने 'रामराज्य' का सपना देखा था । | 1 |
| 51. | भारत में गाँवों की स्थिति कैसी है ? | |
| | **उत्तर :** भारत में गाँवों की स्थिति दयनीय है । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IX. | निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : $5 \times 1 = 5$ | |
| 52. | आज का युग इंटरनेट का युग है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಇಂದಿನ ಯುಗ ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಯುಗವಾಗಿದೆ. | |
| | Today is the age of Internet. | 1 |
| 53. | कर्नाटक भारत देश का प्रगतिशील राज्य है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಕರ್ನಾಟಕವು ಭಾರತ ದೇಶದ ಪ್ರಗತಿಶೀಲ ರಾಜ್ಯವಾಗಿದೆ. | |
| | Karnataka is a developing state in India. | 1 |
| 54. | तिम्मक्का का व्यक्तित्व अनुकरणीय है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ತಿಮ್ಮಕ್ಕ ಅವರ ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವ ಅನುಕರಣೀಯವಾಗಿದೆ. | |
| | Thimmakka's personality is worthy to follow. | 1 |
| 55. | महाकवि रवींद्रनाथ ठाकुर आदर्शवादी थे । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಮಹಾಕವಿ ರವೀಂದ್ರನಾಥ ಠಾಕೂರ ಅವರು ಆದರ್ಶವಾದಿಗಳಾಗಿದ್ದರು. | |
| | The great poet Rabindranath Tagore was a man of principles. | 1 |
| 56. | साहनी जी के घर में साहित्यिक वातावरण था । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಸಾಹನಿಯವರ ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಸಾಹಿತ್ಯದ ವಾತಾವರಣವಿತ್ತು. | |
| | Sahani had literary environment in his home. | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| X. 57. | कोई कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए । <br> $1 \times 5 = 5$ <br> **अथवा** <br> शैक्षिक यात्रा के लिए रुपये माँगते हुए अपने पिताजी के नाम पत्र लिखिए । <br> **उत्तर :** <br> औपचारिक पत्र : <br> प्रेषक का पता और दिनांक 1 <br> पत्र पाने वाले का पता $\frac{1}{2}$ <br> संबोधन व विषय 1 <br> पत्र का कलेवर 2 <br> समाप्ति $\frac{1}{2}$ | 5 |
| | **अथवा** <br> **उत्तर :** <br> अनौपचारिक पत्र : <br> प्रेषक का पता और दिनांक 1 <br> संबोधन और अभिवादन 1 <br> पत्र का कलेवर 2 <br> समाप्ति और पानेवाले का पता 1 | 5 |

<table>
<tr><th>प्रश्न संख्या</th><th>सही उत्तर</th><th>अंक</th></tr>
<tr><td>XI. 58.</td><td>दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में कोई एक निबंध लिखिए : 1 × 5 = 5<br>क) जनसंख्या समस्या<br>* विषय प्रवेश<br>* जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम<br>* नियंत्रण के उपाय<br>* उपसंहार ।<br>ख) इंटरनेट का महत्व<br>* अर्थ<br>* उपयोग, सुविधाएँ<br>* दुरुपयोग / दुष्परिणाम<br>* उपसंहार ।<br>ग) मेरा प्रिय साहित्यकार<br>* भूमिका<br>* विषय विस्तार<br>* साहित्यिक क्षेत्र में योगदान<br>* उपसंहार ।<br>उत्तर :<br>प्रस्तावना / विषय प्रवेश 1<br>विषय विस्तार 2<br>उपसंहार 1<br>भाषा का प्रयोग । 1</td><td>5</td></tr>
</table>